दिन–शुक्रवार दिनांक– 17/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। इस चरण के तहत अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में छह नवंबर को मतदान होना है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। बीस अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इधर, दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि बीस अक्टूबर तक निर्धारित है।

———————————————————————

इधर, पहले और दूसरे चरण के मतदान के लिए विभिन्न दलों के प्रत्याशी नामांकन कर रहे हैं। सिवान संसदीय क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने आज नामांकन दाखिल किया। बेगूसराय से भाजपा प्रत्याशी कुंदन कुमार ने पर्चा दाखिल किया। उनके साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस शामिल थे। इधर, गयाजी शहरी सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री प्रेम कुमार ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन के समय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी उपस्थित थे। जदयू के श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने जगदीशपुर से, ऋतुराज कुमार ने घोसी से, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने जहानाबाद से, चेतन आनंद ने नवीनगर से और राधाचरण साह ने संदेश से पर्चा दाखिल किया। राजद के कुमार सर्वजीत ने बोधगया से, विश्वनाथ ने बेलागंज से नामांकन पत्र भरा। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कुटुंबा से और कांग्रेस के शकील अहमद खान ने कदवा से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इधर, जदयू से लेशी सिंह ने धमदाहा से, कविता कुमारी साहा ने मधेपुरा से और रणधीर सिंह ने छपरा के मांझी से नामांकन पत्र भरा। भाजपा के सतीश कुमार यादव ने राघोपुर से और लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने दरभंगा जिले के अलीनगर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार में तेजी आ गयी है। भाजपा ने एनडीए प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों को

उतारा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत आज चुनाव अभियान को लेकर पटना पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गिरिराज सिंह, सर्वानंद सोनोवाल सहित कई वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री चुनाव प्रचार और नामांकन सभाओं में भाग ले रहे हैं।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पूरे बिहार में एनडीए की लहर है और इस बार गठबंधन को भारी बहुमत मिलेगा। सारण के तरैया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि बिहार अब जंगलराज की कहानी को फिर से दोहराना नहीं चाहता है। उन्होंने लोगों से एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की।

———————————————————

इससे पहले, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और चुनावी रणनीति पर विचार–विमर्श किया। बैठक में चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न घटक दलों के बीच आपसी तालमेल और समन्वय को लेकर भी बातचीत हुई। श्री शाह के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

———————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि एनडीए विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहा है और पार्टी को उनके नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी ने कहा कि बिहार की जनता को भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा है। पार्टी ने इस संबंध में वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक वीडियो को साझा किया है। इस वीडियो में अमित शाह ने एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत में कहा कि एनडीए में भले ही किसी पार्टी को अधिक सीट मिले, नेतृत्व नीतीश कुमार ही करेंगे।

———————————————————

महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अब भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। राजद ने लालगंज सीट से मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला को पार्टी का सिंबल प्रदान कर दिया है और वे आज ही नामांकन करेंगी। इधर, इसी सीट से कांग्रेस

ने आदित्य कुमार राजा को उम्मीदवार बनाया है। इस बीच, कांग्रेस ने कल रात अपने अड़तालीस प्रत्याशियों की सूची जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।